बिहार सरकार

ग्रामीण विकास विभाग

पत्रांक :- 390797 दिनांक :- 26/09/18

ग्रा0वि0-3/स्था0-02-11/18

प्रेषक,

राधा किशोर झा,
सरकार के संयुक्त सचिव ।

सेवा में,

सभी जिला पदाधिकारी,
बिहार ।

विषय :- राज्य के सभी प्रखंडों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के पद पर पदस्थापित ग्रामीण विकास पदाधिकारियों के अवकाश की स्वीकृति के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि प्राय: यह देखा जा रहा है कि ग्रामीण विकास पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बिना जिला पदाधिकारी की अनुशंसा के उपार्जित अवकाश या अन्य अवकाश संबंधी आवेदन प्रेषित किया जाता है । फलस्वरूप निर्णय लेने में कठिनाई होती है ।

अत: निदेश दिया जाता है कि उपार्जित अवकाश संबंधी आवेदन जिला पदाधिकारी के माध्यम से विभाग को भेजना सुनिश्चित करें एवं एक अग्रिम प्रति भेज दें । जिला पदाधिकारी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना मंतव्य पत्र प्राप्त होते ही भेज दें ।

विश्वासभाजन,

(राधा किशोर झा) 26/09

सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक:- 390797 दिनांक:- 26/09/18

प्रतिलिपि- सभी उप विकास आयुक्त, बिहार/ सभी ग्रामीण विकास पदाधिकारी-सह-प्रभारी प्रखंड विकास पदाधाकरी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

सरकार के संयुक्त सचिव
26/09

आवेदन सं-7832 sec-2/AN